# ऑनलाइन परिवहन सेवाओं में उत्तर प्रदेश सबसे आगे

लखनऊ, वसं.। यूपी परिवहन विभाग ने ऑनलाइन (फेसलेस) सेवाओं के मामले में रफ्तार पकड़ी और अब उत्तर प्रदेश इस तरह की सेवाओं के मामले में देश में टॉप पर पहुंच गया है। अब तक परिवहन विभाग ने 49 सेवाएं फेसलेस कर दी हैं। ऑनलाइन सेवाओं के मामले में लक्षद्वीप अपने लक्ष्य से कोसों दूर रह गया है। यहां पर अभी तक सिर्फ एक सेवा ही ऑनलाइन हो पाई है। वहीं असम दूसरे, पश्चिम बंगाल तीसरे और तमिलनाडु चौथे स्थान पर है।

यूपी में अब ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही वाहन संबंधी कार्यों के लिए जनता को आरटीओ कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ते, बल्कि घर बैठे ही काम पूरा हो रहा है। विभाग की अब तक 49 सेवाएं फेसलेस कर दी गई हैं जो शेष रह गई हैं, उन्हें भी जल्द फेसलेस किए जाने की तैयारी है। ऐसे में उत्तर प्रदेश अब देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है जो फेसलेस सेवाओं के मामले में पहले स्थान पर काबिज हो गया है।

**किस राज्य की कितनी सेवाएं हुईं फेसलेस :** उत्तर प्रदेश में 49, असम में 46, पश्चिम बंगाल में 46, तमिलनाडु में 45, कर्नाटक में 42, महाराष्ट्र में 42, आंध्र प्रदेश में 42, राजस्थान में 35, गुजरात में 34, हरियाणा में 34, जम्मू कश्मीर में 31, बिहार में 31, गोवा में 27, दादरा नगर हवेली में 26, मध्य प्रदेश में 24, दिल्ली में 22, पंजाब में 22, छत्तीसगढ़ में 21, चंडीगढ़ में 21, केरल में 20, हिमाचल प्रदेश में 17, मणिपुर में 13, सिक्किम में 12, उड़ीसा में 12, मेघालय में 11, झारखंड में नौ, पुडुचेरी में नौ, लद्दाख में पांच, मिजोरम में चार, अरुणाचल प्रदेश में तीन, नागालैंड में तीन, त्रिपुरा में तीन, उत्तराखंड में तीन, अंडमान एंड निकोबार में दो और लक्षद्वीप में एक सेवा फेसलेस हुई है।

**ये सुविधाएं हुईं ऑनलाइन :** परिवहन विभाग की ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन और परमिट सम्बंधी 49 सेवाओं को ऑनलाइन किया गया।

**49** ऑनलाइन सेवाएं परिवहन विभाग ने अब तक कर दी हैं

## देवरिया के लिए शहीद एक्सप्रेस बस सेवा शुरू

लखनऊ। शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पैतृक गांव देवरिया के बरडीहा तक लखनऊ से चलने वाली शहीद एक्सप्रेस बस सेवा बुधवार से शुरू हो गई। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बुद्धेश्वर चौराहा पर स्थापित कैप्टन अंशुमान मूर्ति स्थल से देवरिया जिले के लिए इस साधारण बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस आलमबाग बस स्टेशन से सुबह 10:30 बजे चलेगी और 8:30 बजे देवरिया के बरडीहा पहुंचेगी। बरडीहा से सुबह सात बजे चलकर शाम 4:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी।